प्रकाशनार्थ।

05 नवम्बर,2023 गोरखपुर।

ऑल इंडिया एक्स सर्विसमैन बैंक एम्पलाई एवं श्री गुरु नानक देव निशुल्क रक्तदान सेवा सोसायटी द्वारा एक रक्तदान शिविर श्री गुरु गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के सहयोग से पाम पैराडाइज़ कम्युनिटी हॉल, गोरखपुर में आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने ऑल इंडिया एक्स सर्विसमैन बैंक एम्पलाई संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवं उनसे जुड़े सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद कहा । उन्होंने कहा की वर्तमान में डेंगू से पीड़ित मरीजों को प्लेटलेट्स की अति आवश्यकता है और ऐसे में संस्था ने रक्तदान कर सराहनीय कार्य किया है। श्री गुरु नानक देव निशुल्क रक्तदान सेवा सोसायटी के प्रति भी अपना धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा की सोसायटी द्वारा रक्तदान का आयोजन करना महादान है। वहीं रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया की वर्तमान में उनके रक्तदान से प्लेटलेट्स की कमी को कुछ हद तक दूर किया जा सकता है।

आज की रक्तदान शिविर में ऑल इंडिया एक्स सर्विसमैन बैंक एम्पलाई के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव अजय कुमार मद्धेशिया, प्रदेश महामंत्री राजू सिंह, महामंत्री राजेश सिंह सहित संजीव कुमार सिंह, देवेश कुमार मिश्र, विकेश कुमार, अनिल कुमार निषाद, ऋषभ अग्रवाल, भानु प्रताप सिंह, संतोष कुमार सिंह, सुनीत, वन्दना सिंह, संस्कृति सिंह, संगीत कुमार सहित 30 महादानियों ने रक्तदान किया। इस अवसर जसपाल सिंह अध्यक्ष, गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा, जटाशंकर एवं श्री गुरु नानक देव निशुल्क रक्तदान सेवा सोसायटी , ब्लड बैंक के टेक्नीशियन स्टाफ उपस्थित रहे।